### एक नजर में

## नि:शुल्क कॉपी वितरण और मेधावी छात्र सम्मान समारोह आज

महू. असहाय एवं अभावग्रस्त विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति समर्पित सामाजिक संस्था वात्सल्य द्वारा नि:शुल्क अभ्यास पुस्तिका वितरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन शुक्रवार को होने जा रहा है. संस्था द्वारा यह पूरा अभियान कुल चार चरणों में चलाया जा रहा है. संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण का यह भव्य आयोजन स्टेशन रोड स्थित चोपड़ा वाटिका में प्रात: 10.30 बजे से शुरू होगा. इस दौरान क्षेत्र के 8 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के 200 जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया जाएगा, इस अवसर पर एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टॉप करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा. संस्था की ओर से इन टॉपर विद्यार्थियों को गौरव पत्र और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी. संस्था ने क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षा प्रेमियों से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति की अपील की है.

## 1100 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, बारिश में उमड़े श्रद्धालु



महू. श्री रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति रामादल द्वारा वार्ड 7 स्थित सरवन मोहल्ला चौराहा पर 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ संकल्प का भव्य आयोजन किया गया. समिति के संस्थापक अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में गिरती बारिश के बावजूद सैकड़ों सनातनी महिला-पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूरनलाल प्रजापति, नवीन कश्यप और अशोक जैसवार द्वारा भारत माता एवं राम दरबार के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई. इस मौके पर युवा समाजसेवी अमन प्रजापति ने सनातनी संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला. प्रसिद्ध श्री चक्की वाले बाबा सुंदरकांड मंडल के गायक राकेश चौहान और पवन गुप्ता ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी. महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम, गौतम, सतीश, सूरज, चेतन, लक्की सहित रामादल के कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा. संचालन नवीन कश्यप ने किया एवं आभार विशाल प्रजापति ने माना.

## भाटखेड़ी में कल होगी महिलाओं की 'वोकल क्वींस' संगीत संध्या

महू. स्वरम संकल्प म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में शनिवार 11 जुलाई को शाम 7 बजे से एक विशेष संगीत सभा का आयोजन किया जा रहा है. मातृशक्ति एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित वोकल क्वींस इवनिंग संगीत संध्या का यह भव्य आयोजन भाटखेड़ी स्थित मां विंध्यवासिनी टाउनशिप के स्वरम संकल्प संगीत हॉल में होगा. स्वरम संकल्प म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक केपी सिंह ने बताया कि इस अनूठे कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह है कि मंच पर केवल महिला गायिकाएं ही अपने मधुर एवं मनमोहक गीतों की प्रस्तुतियां देंगी. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला प्रतिभाओं को एक सम्मानजनक मंच प्रदान करना, उनकी कला का गौरव बढ़ाना और समाज में नारी सम्मान का संदेश प्रसारित करना है. ग्रुप की सह-संस्थापिका श्रीमती रेनू सिंह ने क्षेत्र के सभी संगीत प्रेमियों और प्रबुद्ध नागरिकों से इस गरिमामय आयोजन में सहभागी बनकर महिला कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है.

# नगर पंचायत का सार्वजनिक शौचालय वर्षों से बंद

**भौंरासा** । नगर पंचायत टोंकखुर्द में सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से बंद पड़ा है। संबंधित विभाग कुंभकर्णीय नींद में सोया हुआ है। शौचालय बंद पड़ा होने से आमजन परेशान हो रहे हैं। नगर के मध्य स्थित शक्ति माता चौक एवं पंडित दीनदयाल प्रतिमा के पास और सब्जी मार्केट में स्थापित बना शौचालय विगत कई वर्षों से बंद पड़ा है।

नगर के स्थानीय व्यापारियों को परेशानी खुले में शौच-बाथरूम की बदबू का सामना भुगतना पड़ रहा है। बंद पड़ा शौचालय धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो रहा है। आसपास गंदगी का अंबार लगा है। नगर व्यापारियों एवं दुकानदारों द्वारा नगर परिषद पहुंच कर कई बार लिखित आवेदन पत्र जिम्मेदार अधिकारी को प्रस्तुत कर समस्या से भी अवगत करवाया गया, लेकिन कोई किसी प्रकार से आज तक भी निराकरण नहीं हो पाया।



### स्वास्थ्य और स्वच्छता के खतरा

प्रति बुधवार को यह बाजार अभी लगता है। नगर वासियों का कहना है कि शौचालय की इस बदहाली के कारण इसका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। गंदगी और दुर्गंध के चलते यहां खड़ा होना भी दूभर है। परिणामस्वरूप,लोग खुले में शौच बाथरूम करने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता को खतरा बढ़ गया है। इन दिनों नगर एवं बाहरी लोगों को दस्त लगने की परेशानी का खतरा बना हुआ रहता है। सुबह-शाम यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। इतनी बदबू आती है कि सांस लेना दूभर है। शौचालय बना तो था पर बस नाम का बना हुआ है। जो बंद पड़ा है। यह सुविधा हमारे किसी काम की नहीं रह गई स्थानीय नगर वासियों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी अगर हमें खुले में शौच करना पड़े तो इसका जिम्मेदार कौन है।





सूत्रों से जानकारी प्राप्त अनुसार स्थापित निर्मित शौचालय और बाथरूम की लाखों की राशि निकाली गई। संबंधित विभाग द्वारा जिम्मेदार लोगों ने आज दिनांक तक शौचालय और बाथरूम में ताला लगा हुआ है।




## पिपल्याबक्सू में लगाया विधिक जागरूकता शिविर

**सोनकच्छ।** प्रथम जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में न्यायाधीश दशरथसिंह भिड़े द्वारा ग्राम पंचायत भवन ग्राम पिपल्याबक्सू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश भिडे द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक साक्षरता शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को और कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं ओर न्याय तक पहुंच के बारे में जागरूक करना है।

उनके द्वारा ग्रामीणजनों को नि:शुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं सालसा की योजनाओं, अपराध, भरण पोषण, घरेलू हिंसा अधिनियम, कल्याणकारी योजनाओं, चैक बाउंस के प्रकरणों, ग्रामीणों को आपसी विवाद निपटाने के लिए मध्यस्थता योजना उसके लाभ तथा प्रक्रिया, कृषि, साईबर अपराध से बचाव, मोबाईल का दुरूपयोग नहीं करने, लोक अदालत के माध्यम से त्वरित व सुलभ न्याय प्राप्त करने आदि कानून संबंधी जानकारी दी गई।



## पेंशनर संघ का 24वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक माह की 10 तारीख को डॉक्टर एस एस मालवीय के सहयोग से अवंतिका हॉस्पिटल अवंतिका नगर मक्सी रोड देवास पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर वरिष्ठ पेंशनर साथियों के लिए आयोजित किया जा रहा है इस शिविर में स्वास्थ्य का निशुल्क प्रशिक्षण किया जाता है एवं आवश्यक परामर्श एवं निदान डॉक्टर एस एस मालवीय द्वारा किया जाता है। इस शिविर की लोकप्रियता निरन्तर बढ़ती जा रही है। इसमें पेंशनर साथियों के अलावा और भी कई वरिष्ठ जन इसका लाभ ले रहे है।

## साइकिल सवार बच्चे को टक्कर मारने के बाद खुद ले गए अस्पताल

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र के नगीन नगर में बुधवार दोपहर साइकिल सवार 13 वर्षीय बच्चे को बाइक ने टक्कर मार दी. हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन बाइक सवार युवक मौके से भागने के बजाय स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज किया जा रहा है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है. 13 वर्षीय हर्ष नामदेव बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे साइकिल से नगीन नगर क्षेत्र से गुजर रहा था. इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवकों के वाहन की उससे टक्कर हो गई.

## देवास के तीन पहलवानों का राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन

**देवास।** मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ द्वारा 28 जून 2026 को उज्जैन में आयोजित अंडर-23 सीनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में देवास जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। प्रतियोगिता में देवास के सावेज शाह ने 77 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, नमन चौहान ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा अरमान शेख ने 92 किलोग्राम भार वर्ग में पदक अर्जित किया।



तीनों खिलाड़ियों का चयन 10 से 12 जुलाई 2026 तक हरियाणा के रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एम.डी.यू.) में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पूर्व जिला कुश्ती संघ, देवास द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, खेल और युवा कल्याण विभाग से जावेद पठान कुश्ती संघ सचिव अर्जुन यादव शंकर पहलवान, अशोक गायकवाड, संजय पानसरे, बशीर शेख, शंभू पहलवान, नईम पहलवान सहित उपस्थित खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देवास एवं मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की। पूर्व महापौर सुभाष शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि देवास के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

## महाविद्यालय परिसर में सांसद ने किया पौधारोपण




**सोनकच्छ।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देवास-शाजापुर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने शुक्रवार को अमर शहीद राजा भाऊ महाकाल शासकीय महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान पीपल, नीम, आम, जामुन, बरगद, शीशम, करंज एवं अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधारोपण के तुरंत बाद सभी पौधों की सुरक्षा एवं समुचित विकास

▶ रोपे गए पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प भी

सुनिश्चित करने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। इस अवसर पर सांसद श्री सोलंकी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा, महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना श्रीवास्तव, मनोज महाजन, कमल प्रजापत, अरविंद राजपूत सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हीरापुर पंचायत के ब्लॉक जसमतपुरा में रोड नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी

**बागली** ।बागली विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर के जसमतपुरा कांटाफोड़ बिजवाड़ को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग से मिलता है। इस मार्ग का आज तक किसी भी प्रकार निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीयों ग्रामीणों के अनुसार, बरसात के मौसम में मुख्य मार्ग में जाने डिलेवरी इलाज़, बैंक सम्बन्धित, खेती, एवं बच्चों की पढ़ाई जैसे आवश्यक कार्य के लिए इस मार्ग से गुजरना पड़ता हैं, यह



अत्यंत जोखिमपूर्ण है और कई बार ऐसी घटनाओं में ग्रामीणों की जान भी जा सकती हैं, आर्थिक प्रभाव ग्रामीणों का कहना हैं की रोड नहीं होने के कारण उनका समय और धन दोनों की बर्बादी होती हैं इस मार्ग से मुख्य मार्ग पर जाने के लिए जंगलों से पैदल यात्रा करनी पड़ती हैं।

## हॉस्पिटलों के साथ स्कूलों की भी जांच फायर टीम ने की

**देवास।** नगर निगम द्वारा हास्पिटलों के साथ स्कूलों की भी जांच निरंतर की जा रही है। जिसमें आगजनी या अन्य दुर्घटनाओं से बचाव के लिए फायर सेफ्टी उपकरणों, इलेक्ट्रिक आडिट के साथ आपातकालीन द्वार उपलब्ध है या नही की जांच आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन मे की जा रही है। आयुक्त के निर्देश मे हास्पिटलों के साथ ही स्कुलो की जांच निगम की टीम के द्वारा की गई। जिसमें कोठारी नर्सिंग होम, चंद्रा नर्सिंग होम, सेंट्रल इंडिया एकेडमी, सेनथाम एकेडमी, बी सी एम प्रॉमिनेंट स्कूल, किंडर स्कूल, चैतन्य टेक्नो स्कूल की निगम के अमले द्वारा जांच की गई। जांच में सेन्ट्रल इन्डिया एकेडमी, सेनथाम स्कुल में फायर आडिट एवं एनओसी दोनो उपलब्ध पाई गई। वहीं किन्डर, चौतन्य टेक्नो स्कूल, बी सी एम प्रॉमिनेंट स्कूल में फायर आडिट उपलब्ध होने के साथ इलेक्ट्रिक आडिट उपलब्ध नहीं था वहीं आपातकाली द्वार उपलब्ध पाए गये। इसी प्रकार हास्पिटलों में कोठारी नर्सिंग होम, चंद्रा नर्सिंग होम की जांच के दौरान चन्द्रा नार्सिंग होम मे फायर एवं इलेक्टिक आडिट उपलब्ध होने के साथ ही कोठारी नर्सिंग होम में फायर आडिट तो है लेकिन इलेक्ट्रिक आडिट नही है। निगम के अमले ने जांच के दौरान स्कुलों एवं हास्पिटलों मे फायर, इलेक्ट्रिक आडिट के साथ आपातकालीन द्वार में सुधार करने के साथ जो कमियां है उनकी कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश के साथ ही 10 दिवस में निगम फायर आफीस में रिपोर्ट देने कहा। अभिमन्यु चंदेल, प्रतिक शर्मा एवं निगम का अमला साथ रहा।

## मोबाइल हैक कर बुजुर्ग महिला के खाते से 4 .80 लाख उड़ाए

इंदौर. साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के बैंक खाते से 4 लाख 80 हजार 749 रुपए निकाल लिए. मामले में सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जूनी इंदौर में रहने वाले सूरज मंघवानी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मां कृष्णा मंघवानी उम्र 70 साल के एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के जवाहर मार्ग स्थित खाते से साइबर ठगों ने उनके लिंक्ड मोबाइल नंबर को हैक कर कई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर दिए. 24 जनवरी को मोबाइल पर लगातार डेबिट मैसेज आए, जिनमें 99,999 रुपए, 1 लाख रुपए, 50 हजार रुपए सहित कई ट्रांजेक्शन के जरिए 4,80,749 रुपए खाते से निकाल लिए. फरियादी ने पुलिस को बताया कि इससे पहले 20 जनवरी को भी खाते से 1.50 रुपए बिना जानकारी के डेबिट हुए थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है.

**कार की टक्कर से एक्टिवा सवार दो युवक घायल**-इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने सामने से एक्टिवा को टक्कर मार दी. हादसे में दो युवक घायल हो गए. ग्राम चोरल स्थित सैनी ढाबे के सामने हुंडई वर्ना कार नम्बर जीजे 04 सीए 2025 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक्टिवा एमपी 09 यूएल 1983 को टक्कर मार दी. दुर्घटना में विजय के हाथ के अंगूठे और पैर में, जबकि गौरव गुप्ता के कूल्हे, घुटने और पैर में चोटें आईं. सिमरोल पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है.



## सिविल अस्पताल में उपकरण वितरित किए

**सोनकच्छ।** सिविल अस्पताल में उपकरण वितरित किए गए। अस्पताल मे चिकित्सीय उपकरण , भोजन, विद्यालय मे पुस्तक वितरित कर उनके विचार कार्य शैली सेवा लक्ष्य को भविष्य में निरंतर जीवित रखने का संकल्प लिया। एस बी आई मैनेजर सुरभि कार्तिकेय, ब्रह्माकुमारी दीदी सोनाली , सिविल अस्पताल के अधिकारी, वरिष्ठ समाज सेवी सौभागसिंह ठाकुर, पूर्व शिक्षा अधिकारी हरिसिंह सिसोदिया, शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह मालवीय, शिव शक्ति अघोरीधाम बाबा घनश्याम राजनाथ, मांगीलाल चौहान, शैलेन्द्र टोंग्या, देवेंद्र जोशी आदि उपस्थित थे। ये उपकरण स्व अमरसिंह मालवीय समाजसेवी के जन्मदिन पर वितरित किए गए।

## सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू हुए शासकीय हाई स्कूल कानकुण्ड के विद्यार्थी

▶ पर्यटन क्विज के लिए मिली अनूठी जानकारियां

**देवास।** शासकीय हाई स्कूल कानकुण्ड में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं सामान्य ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार एवं विज्ञान शिक्षक रविन्द्र वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी मध्य प्रदेश टूरिज्म क्विज (एमपी टूरिज्म क्विज) के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अपने उद् बोधन में



श्री वर्मा ने मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश से जुड़ी अनेक रोचक एवं महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश केवल देश का हृदय स्थल ही नहीं, बल्कि प्राचीन शैलचित्रों, ऐतिहासिक स्मारकों, वन्यजीव अभ्यारण्यों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी प्रमुख केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन क्विज की तैयारी के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के साथ शोध की प्रवृत्ति और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को जानना प्रत्येक विद्यार्थी का दायित्व है तथा मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक उत्कृष्ट माध्यम है।

## 3 साल तक जेल में रहने के बाद हत्या के दो आरोपी बरी

▶ कोर्ट ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. धार रोड स्थित राधा नगर में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में करीब तीन साल जेल में रहने के बाद दो आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस विवेचना में गंभीर खामियां पाते हुए माना कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में असफल रहा.**

अभियोजन के अनुसार, 9 जुलाई 2023 की रात करीब 10.30 बजे राधा नगर स्थित मैदान में कलाली के पास कमल की ईंट पत्थरों से हमला कर हत्या कर दी गई थी. मामले में चंदन नगर पुलिस ने कान्हा भावर और रवि मेड़ा को गिरफ्तार किया था. पुलिस का दावा था कि शराब पीने के दौरान एक आरोपी की मां से कथित संबंधों को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया. मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोनों आरोपी 2 वर्ष 11 माह 17 दिन जेल में रहे. ट्रायल के दौरान एफएसएल जांच, जब्ती और विवेचना से जुड़े साक्ष्यों में कई खामियां सामने आईं. अदालत ने माना कि पुलिस आरोपों के समर्थन में पर्याप्त और ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सकी, जिससे अभियोजन का मामला संदेह से परे साबित नहीं हुआ. इसी आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश अयाज मोहम्मद की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया. आरोपियों की ओर से अधिवक्ता कपिल शुक्ला और नीलेश चौहान ने पैरवी की.

## एक आदेश में 166 स्वास्थ्यकर्मियों के अटैचमेंट खत्म

इंदौर. नई जिला अस्पताल बिल्डिंग को जल्द शुरू करने की तैयारी में स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया. विभाग ने वर्षों से जिले के अलग-अलग अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में अटैच चल रहे 166 स्वास्थ्यकर्मियों की अटैचमेंट एक झटके में समाप्त कर दी. सभी कर्मचारियों को तत्काल जिला अस्पताल में कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं. इस फैसले के बाद स्वास्थ्य विभाग में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा. जिन कर्मचारियों को जिला अस्पताल भेजा है, उनमें डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, बीईई, डार्क रूम अटेंडेंट, वार्ड बॉय और स्वीपर सहित विभिन्न श्रेणियों का स्टाफ शामिल है.

### एक नजर ▶ यात्रा की संपूर्ण रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार चर्चा की

## ऐतिहासिक बोल बम कांवड़ यात्रा को लेकर कल होगी महत्वपूर्ण बैठक

**बागली।** श्रावण मास में पिछले 29 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही मालवा अंचल की सबसे बड़ी बोल बम कांवड़ यात्रा संघ, धाराजी की 30वें वर्ष की कांवड़ यात्रा के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक 12 जुलाई, रविवार को ग्राम बोरखेड़ा में प्रात: 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में इस वर्ष आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा की तिथि निर्धारित की जाएगी तथा यात्रा की संपूर्ण रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही कांवड़ यात्रा को और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कांवड़ यात्रियों के सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में कांवड़



यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता, संरक्षक प्रदीप मेहता, पंडित विवेक शास्त्री, पप्पू यादव, प्रभुलाल पाटीदार, कन्हैयालाल पटेल, विजय सिंह सेंधव, मूलचंद पटेल, जितेंद्र पटेल, अनार सिंह सेंधव सहित विभिन्न गांवों के कांवड़ यात्रा प्रमुख एवं बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री उपस्थित रहेंगे।

### सवन में होंगे 30 वर्ष

बैठक में अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य प्रदीप सिंह सिसोदिया एवं लेखक एवं कलमकार राजेंद्र बज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ग्राम बोरखेड़ा के कांवड़ यात्री आनंद सिंह सिसोदिया, भंवर सिंह दरबार एवं गुलाब सिंह दरबार ने सभी कांवड़ यात्रियों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने की अपील की है, ताकि श्रावण मास की 30वें वर्ष की ऐतिहासिक बोल बम कांवड़ यात्रा को भव्य, अनुशासित एवं सफल बनाया जा सके।